nt>

Title: Need to shift Depot of Indian Oil Corporation located near Raxaul railway station to some other place in the interest of safety. − Laid

**डॉ0 मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) :** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रक्सौल में रेलवे स्टेशन के पास इंडियन ऑयल कारपोरेशन का एक डिपो कार्यरत है, जिसके चारों ओर घनी आबादी है और व्यस्त बाजार भी है। इस डिपो से नेपाल के लिए पैट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति की जाती है। अगर इस डिपो में कोई दुर्घटना हो जाये तो बड़ी मात्रा में जानमाल की हानि हो सकती है। नेपाल में एक ड्राई पोर्ट का निर्माण हो चुका है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इस डिपो को नेपाल के ड्राई पोर्ट में स्थानांतरित किया जाये, अगर यह भी संभव न हो तो इसे ऐसी जगह स्थानांतरित किया जाये, जहां पर कम आबादी हो और कोई दुर्घटना के समय जानमाल की हानि न हो सके।